आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 10.08.2025

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश सरकार ने उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज किया। तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों का रेस्क्यू अभियान जारी।
- गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी–लिमचागाड़ के पास बेली ब्रिज निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।
- कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल आज सुबह पिथौरागढ़ से गूंजी के लिए रवाना हुआ।
- आज़ादी का अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बागेश्वर ज़िले में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।
- और.... मौसम विभाग ने आज देहरादून, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

.............................................

उत्तरकाशी आपदा

उत्तरकाशी जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद, धराली क्षेत्र में स्थिति सामान्य करने के लिए राहत और बचाव अभियान छठे दिन भी जारी है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक पहुँच सुगम बनाने के लिए, मूसलाधार बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण अवरुद्ध सड़कों और पुलों की मरम्मत का काम तेज़ी से किया जा रहा है। उत्तरकाशी पुलिस के अनुसार गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी, लिमचागाड़ के पास बेली ब्रिज निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

सोनगाड़, डबरानी, हर्षिल, धराली और अन्य स्थानों पर अवरुद्ध गंगोत्री हाईवे को सुचारु करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस अभियान में सेना, अर्धसैनिक बल, बीआरओ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में बिजली, संचार और पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है।

ज़िला प्रशासन का कहना है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित राहत शिविरों में रखा गया है और उन्हें भोजन, पानी व प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। ज़िलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि सरकार और प्रशासन इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों से धैर्य रखने और किसी भी ज़रूरत के लिए सीधे प्रशासन से संपर्क करने की अपील की है।

..............................................

उत्तराखंड पुलिस

उत्तराखंड पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि घटना स्थल पर खोज और बचाव कार्य तेज़ी से जारी है। आपदा क्षेत्र में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के साथ ही फंसे हुए लोगों को एयरलिफ्ट करके उनके गंतव्य तक पहुँचाने का सिलसिला जारी है। आज सुबह 11 बजे तक मातली हेलीपैड पर 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक जांच के बाद गंतव्य के लिए भेजा गया। इसी क्रम में, हर्षिल घूमने आए 02 युवा तीर्थयात्रियों को रेस्क्यू कर देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर लाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस दौरान युवा तीर्थयात्रियों ने सरकार और प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

..............................................

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल आज सुबह गूंजी के लिए रवाना हुआ। 50 सदस्यीय दल में 37 पुरुष और 13 महिला यात्री शामिल हैं। कैलाश मानसरोवर जाने वाला यात्रियों का यह जत्था शनिवार रात्रि साढ़े 10 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा। दल ने केएमवीएन पिथौरागढ़ में रात्रि विश्राम किया और आज सुबह साढ़े 7 बजे गूंजी के लिए प्रस्थान किया। आज यह दल गूंजी पहुंच जाएगा। वहीं, चौथा दल लिपुलेख दर्रे से चीन की सीमा में प्रवेश कर अपने अगले पड़ाव के लिए रवाना हो चुका है। जिला प्रशासन की ओर से मानसरोवर यात्रा की लगातार निगरानी की जा रही है।

..............................................

जल संरक्षण

रुद्रप्रयाग जिले के कोट ग्राम पंचायत की 35 महिलाओं ने जल संरक्षण के क्षेत्र में नई मिसाल पेश की है। इस बरसाती सीजन में महिलाओं ने पांच हेक्टेयर वन क्षेत्र में अलग–अलग जगहों पर खंतियां, चाल और खाल बनाकर अभी तक दो लाख लीटर से अधिक बरसाती पानी संरक्षित कर दिया है। साथ ही विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख भी जगा रही हैं।

पर्यावरण विशेषज्ञ देव राघवेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कोट गांव के कई प्राकृतिक जलस्रोत सूखने के कगार पर पहुंच चुके थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की मनरेगा योजना में महिलाओं को शामिल कर पांच हेक्टेयर वन क्षेत्र में बीते दो वर्षों में एक हजार से अधिक चालखाल, खंती, रिसाव पिट तैयार किये गये, जिसमें लाखों लीटर पानी जमा हो रहा है।

..............................................

**तिरंगा यात्रा**

आज़ादी का अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज बागेश्वर ज़िले में सीनियर सिटीजन न्यास ने नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। गांधी चौक से शुरू हुई इस यात्रा में वरिष्ठ नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद किया गया और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। समापन पर राष्ट्रगान गाया गया और सभी ने देश की अखंडता व समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

न्यास के अध्यक्ष दलीप खेतवाल ने कहा कि देश को हर क्षेत्र में मज़बूत बनाने के लिए आपसी एकजुटता और भाईचारे की ज़रूरत है। उन्होंने कहा, तिरंगा सिर्फ़ एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी स्वतंत्रता, सम्मान और एकता का प्रतीक है, जिसे हमें हमेशा ऊंचा और गौरवपूर्ण रखना चाहिए।

..............................................

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य में 14 अगस्त तक मूसलाधार बारिश के आसार बने हुए हैं। इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गयी है। साथ ही पर्वतीय जिलों में संवेदनशील स्थानों पर पूरी सुरक्षा के साथ यात्रा करने और नदी–नालों से दूर रहने का आग्रह किया गया है।

आज देहरादून, बागेश्वर सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में बादल छाए हुए हैं और बारिश के आसार बने हुए हैं। उधर, उत्तरकाशी जिले में कहीं–कहीं रुकरुक कर हल्की बारिश हो रही है।

..............................................